हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 सितंबर 2025

04 पितृ मोक्षणी अमावस्या पर हजारों लोग तर्पण करने...



08 जिला अस्पताल परिसर है धूम्रपान रहित क्षेत्र घोषित, फिर भी लोग...







## खबर संक्षेप

### जागरुकता को लेकर हुआ व्याख्यान




**गंजबासौदा।** एसजीएस पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई के माध्यम से 2 अक्टूबर के मध्य महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गोद ग्राम हथोड़ा प्राथमिक शाला में सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान एवं जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के निर्देशन, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी घनश्याम चौकसे, मनीष दुबे, डॉ. रेखा जांसल डॉ. पवन जैन, डॉ. हरिनारायण विश्वकर्मा के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील पाटीदार द्वारा स्कूल के छात्राओं को सामाजिक कुरीतियों के बारे में बताया एवं घनश्याम चौकसे द्वारा छात्र, छात्राओं को इन कुरीतियां से कैसे बचा जा सकता है साथ ही इन समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है आदि में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ. सुधा पाठक, डॉ. मोनिता नेमा, डॉ. विकास सहित छात्र, छात्राएं कार्यक्रम में शामिल रहे।

### नाबालिगों को परिजनों के सुपुर्द किया




**गंसबासौदा।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत नगर से लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। पहला मामला 15 जुलाई को और दूसरा 15 सितंबर को दर्ज हुआ था। शनिवार को पुलिस ने पहली बालिका को भोपाल के इमलिया चौपड़ा से बरामद किया। वहीं दूसरी बालिका को नगर के रेलवे स्टेशन के पास से बरामद किया गया। दोनों बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों की काउंसलिंग कराई गई। सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि परिजनों की सूचना पर तुरंत टीम गठित की गई। मोबाइल लोकेशन के आधार पर बच्चियों की तलाश की गई। बच्चियों और परिजनों की काउंसलिंग भी की गई। उन्हें समझाया गया कि बिना बताए घर से बाहर न जाएं और किसी परेशानी पर परिजनों से बात करें। इस अभियान में बीएल मालवीय, दुर्ग सिंह रघुवंशी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने योगदान दिया।

## सुबह से लेकर देर शाम तक रिपटा घाट पर उमड़ती रही नागिरकों की भीड़

# पितृ मोक्षणी अमावस्या पर हजारों लोग तर्पण करने के लिए पहुंचे वैत्रवती तट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पूर्णिमा से लेकर पितृ मोक्षणी अमावस्या तक 15 दिनों तक चलने वाले पितृ पक्ष पखवाडे का रविवार को पितृ मोक्ष अमावस्या पर समापन हो गया। इस दौरान सभी सनातनियों के द्वारा अपने अपने पितरों का तर्पण शिव महापुराण कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र भार्गव शास्त्री एवं अन्य विद्वानों एवं विप्रजनों के आचार्यत्व में बड़े ही श्रद्धाभाव व विधान से सम्पन्न किया गया। बेतवा नदी पर सुबह से ही हजारों लोगों ने पहुंचकर अपने पितृ देवो को बड़े ही श्रद्धा भाव से तर्पण करने के पश्चात विधि विधान से वापस अपने धाम भेजते हुए पुरखो की विदाई की। इस मौके पर वैत्रवती गंगा पितृ तर्पण समिति के द्वारा नदी पर पितृ पक्ष में 15 दिन तक तर्पण विधान कराने वाले पंडित धर्मेंद्र भार्गव शास्त्री का ब्राह्मण देव पूजन किया। पितृ मोक्षणी अमावस्या पर लोगों के द्वारा सुबह से ही वेतवा रिपटा घाट पहुंचकर तर्पण व विसर्जन किया गया। तड़के से ही लोगों का बेतवा घाट पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था और देखते ही देखते हजारों की संख्या में लोग नदी पर एकत्रित हो गए। हालांकि वर्तमान समय में नदी में पानी की अधिकता बहुत होने के चलते प्रशासन भी अलर्ट रहा जहां प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बोट के साथ गोताखोर भी पूरे समय घाट पर मौजूद रहे और निगरानी बनाए रखी। सुबह से प्रारंभ हुए तर्पण और विसर्जन का कार्यक्रम देर शाम तक जारी रहा। शाम से लेकर रात्रि तक बड़ी संख्या में लोगों ने दीप प्रज्वलित कर दीपदान कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। जानकारों ने बताया कि जीवित जीव का तो सभी ख्याल रखते हैं किंतु मरने के बाद उनको दूसरी योनि प्राप्त हुई अथवा नहीं हुई उनके भोजन पानी आदि की व्यवस्था का ख्याल रखना इस सनातन धर्म की व्यापकता को दर्शाता है। अपने बुजुर्गों को मरणोपरांत याद करने, श्रद्धा व्यक्त करने, सेवा करने का यह अवसर सनातन धर्म में ही है।

### बुजुर्ग ने बचाई नदी में बह रहे किशोर की जान

**गंजबासौदा।** पितृमोक्ष अमावस्या पर बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सुबह के समय एक बुजुर्ग ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से नदी में बहे एक किशोर को बचा लिया। बताया जाता है कि सुबह के समय जब अधिकांश लोग अपने पितरों का तर्पण कर रहे थे, तभी घाट के पास नहा रहा एक किशोर अचानक तेज बहाव में पहुंच गया और नदी में बहने लगा। आसपास के लोगों ने उसे पकडने का प्रयास भी किया, लेकिन असफल रहे और किशोर गहरे पानी में जा पहुंचा। इस बीच एक बुजुर्ग ने हिम्मत दिखाई और बिना देर किए पानी में छलांग लगाकर गहरे पानी में जा पहुंचे किशोर को पकड लिया। जिसके बाद वे सावधानी पूर्वक किशोर को नदी से बाहर निकाल लाए। जिससे किशोर की जान बच गई।

## महिलाओं को किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ग्राम दाऊद बासौदा में विधि एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भोपाल के तत्वावधान में महिलाओं के स्वसहायता समूह के सदस्यों को रोजगार के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें समूह की महिलाओं को घर पर ही किस तरह से काम किया जाए। जिससे आजीविका में सुधार हो, समूह के सदस्यों को सक्रिय करने और कौन से कार्य आप करने तैयार हैं यह बताया गया। इस बीच महिलाओं ने बागवानी करने और घर पर फूड पैकिंग के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर सीताराम शर्मा, वीर सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं सहित ग्राम की अनेक महिलाएं शामिल रहीं।

## लेखक संघ का गठन एवं काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षाविद प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रगति शील लेखक संघ की तहसील इकाई का गठन भी मध्य प्रदेश प्रगति शील लेखक संघ के सचिव मंडल के सदस्य की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल का गठन किया।

इसमें नगर के वरिष्ठ सृजन शील साहित्यकार पंडित सीताराम शर्मा, जय कुमार शीतल, चंद्र कुमार तारण, बालकृष्ण मित्तल, प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन, ऋषभ जैन बिंदास, ओम प्रकाश आर्य, अशोक शाह पेंटर, सुरेश तनवानी, केएन दीक्षित को चुना गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ साहित्यकार वैद्यराज निहाल सिंह पंथी एवं सचिव पद हेतु कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष के पद हेतु वरिष्ठ शायर फहीम बसोदबी, कोषाध्यक्ष के पद हेतु राकेश जैन विद्युत तथा ओपी प्रजापति को संगठन सचिव का पदभार सौंपा गया। कार्यकारणी सदस्यों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें भरत सराठे, कमलेश बंसल, पंकज नामदेव ,शिव रतन सुमन, मनीष अहिरवार ,केशव मैकेनिक, हरिनारायण हरि ,महेंद्र भार्गव शामिल हैं। गठन प्रक्रिया के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में प्रगतिशील लेखक संघ के ऐतिहासिक, समसामयिक, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक दायित्व का निर्वाहन, रचनाकारों की भूमिका का उल्लेख किया गया।

तत्पश्चात काव्य गोष्ठी हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की गई। इस दौरान साहित्यकारों ने गीत, गजल, व्यंग, दोहा, लोकभाषा, बुंदेली गीतों का गायन किया। इस अवसर पर व्यंगकार बालकृष्ण मित्तल ने अपने रेखा चित्रों से सभी को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में यह निर्णय लिया गया कि नेहरू चौक पर इन रेखा चित्रों की पोस्टर प्रदर्शनी आने वाले समय में लगाई जाए। अध्यक्ष प्रोफेसर ऋषभ कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी रचनाकारों ने बहुत ही सुंदर एवं श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया। मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रकट किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कवि को समाज में सभी के बीच घुल मिलकर रहना चाहिए। हमारे तीज त्यौहार जो हमें आनंद उत्सव जीवन में मनाने के अवसर देते हैं उन्हें अपनी रचनाओं में रचना चाहिए, जनता का दुख, दर्द भी हमारी कविता का हिस्सा हो। संचालन चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया।

### दशहरा उत्सव में भाग ले सकते हैं प्रतिभागी

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बासोदा श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में नवरात्रि एवं दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेने वाले शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय एवं डांस ग्रुप जो भी भाग लेना चाहते हैं। वे समिति के सांस्कृतिक कार्यक्रम सचिव अभय शर्मा बंटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी लोकेश सक्सेना के पास अपनी जानकारी दर्ज करा सकते हैं। विद्यालय एवं डांसग्रुप के प्रतिभागियों के सदस्यों की आयु कक्षा 12 वीं तक एवं उसके समकक्ष उम्र तक। सांस्कृतिक आयोजन केवल धार्मिक व देशभक्ति गीतों पर आधारित ही मान्य किए जायेंगे। एक ग्रुप की प्रस्तुति का समय 5 से 7 मिनिट से अधिक नहीं रहेगा। प्रतिभागी ग्रुप पेनड्राइव में अपना सोंग लेकर आएं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ग्रुप में ही मान्य होंगी, एकल नृत्य को आयोजन में मान्यता नही दी जाएगी। बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि प्रथम रिहर्सल 22 सितंबर को दोपहर 2 बजे से पुराना मेला ग्राउंड महावीर धर्मशाला मानस भवन के पास सम्पन्न की जाएगी। जबकि फाइनल लिस्ट रिहर्सल के समय जाएगी। आखरी निर्णय समिति नियमों व सदस्यों के अनुसार ही किया जायेगा।

### गोशाला के लिए सब्जी, फल एवं खाद्य सामग्री भेंट की

**गंजबासौदा।** गत दिवस सब्जी मंडी, फल मंडी एवं होटल संचालक से प्राप्त मिष्ठान, जलेबी, रोटी जो मिश्रा भोजनालय, गंगा शरण स्वीट्स, मनोज अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल



सावरकर चौक, सिरोंज चौराहे पर मुल्लू नेमा, गुड्डू भोजनालय निखिल अग्रवाल द्वारा दी गई थी। इस भोजन सामग्री को नगर पालिका की नंदी शाला में भेजा गया। इस मौके पर पार्षद नारायण सोनी ,सहज तेनगुरिया एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर के नेमा, धर्मेंद्र मालवीय सहित गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्मृतियों को हरियाली से जोड़ने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

धरती हमें जीवन देती है और उसका आभार प्रकट करने का सबसे सुंदर तरीका है हरियाली को अपनाना। आज जब वनों की कटाई और प्रदूषण का संकट हमारे सामने है, ऐसे समय में श्रमदान दल ने नगर में एक मिसाल कायम की है। "एक पौधा एक संकल्प" थीम पर चल रहा पौधरोपण अभियान 4.0 केवल हरियाली का विस्तार नहीं, बल्कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक चेतना जगाने का प्रयास है। इस क्रम में तिलक खेजड़ा निवासी मुन्नालाल रघुवंशी पूर्व सरपंच फूफेर एवं उनके परिवार के सहयोग से स्वर्गीय हरीराम रघुवंशी की पुण्य स्मृति में अशोक का पौधा रोपित किया गया। पौधे के रोपण के अवसर पर श्रमदान दल ने कहा "प्रियजनों की स्मृति को हरियाली से जोड़ना ही सबसे सच्ची श्रद्धांजलि है। जब यह पौधा वर्षों बाद छांव देगा और वातावरण को शुद्ध करेगा,तब यह स्मृति भी उतनी ही जीवंत रहेगी। नगर में चल रहा यह अभियान आज की पीढ़ी को यह सिखा रहा है कि प्रकृति से जुड़ना ही जीवन से जुड़ना है। जब ये पौधे हरे-भरे वृक्ष बनकर खड़े होंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ भी महसूस करेंगी कि उनके पूर्वजों ने उन्हें केवल संस्कार ही नहीं, बल्कि हरियाली की छांव भी सौंपी है। युवाओं और बच्चों से आग्रह किया गया कि वे अपने जन्मदिन, विवाह, पुण्यतिथि या अन्य विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़ें।

## शराब के नशे में ट्रेक्टर ,ट्राली विद्युत खंभे से टकराई



**गंजबासौदा।** रविवार को बासौदा सिरोंज बायपास मार्ग पर रघुवर मैरिज गार्डन के सामने लगे विद्युत खंबे में एक ट्रेक्टर चालक जो शराब के नशे में था। जिसने लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए विद्युत ख़ंभे से अपना वाहन टकरा दिया। जिससे ऊपर से निकली हाई वोल्टेज की लाइन का खूंटा टूटने के कारण लाइन खंबे पर गिर गई तथा विद्युत खम्भे में करंट उतर गया। साथ ही विद्युत खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया। तभी गार्डन संचालक राजेश ठाकुर मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर मालिक बंसी कुशवाह को सूचना दी तथा विद्युत विभाग से लाइट बंद करवाई। संयोग से इस दुर्घटना में लोगों की सजगता से बड़ा हादसा घटित होने से बच गया।

### प्रतिदिन हो रही बिजली कटौती

**गंजबासौदा।** नगर में विद्युत कंपनी की कार्यप्रणाली के चलते उपभोक्ता और आम नागरिक काफी परेशान हो रहे हैं। लगभग एक पखवाड़े से प्रतिदिन अलग अलग क्षेत्रों में कई घण्टों तक बिजली की कटौती की जा रही है। रविवार को भी पचमा बायपास क्षेत्र में कई घण्टे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिससे यहां के रहवासियों को अंधेरे में बगैर पंखा, कूलर के कई घण्टे समय निकालना पड़ा।

### पढ़ाई से ज्यादा मोबाइल एप पर ध्यान देना जरूरी बन रहा परेशानी

# डाटा एंट्री ऑपरेटर बने शिक्षक, पढ़ाई पर नहीं दे पा रहे ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिक्षकों के लिए पढ़ाई से ज्यादा एप पर रिपोर्टिंग ज्यादा जरूरी हो गयी है हाईटेक डिजीटल व्यवस्था शिक्षको के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। ऐसे में शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। शासन द्वारा एम शिक्षा मित्र, समग्र शिक्षा, पीएम पोषण, एजूकेशन 2.0, 3.0 हमारे शिक्षक, चाइल्ड ट्रेकर, पुस्तक वितरण, सार्थक एप, निल एमपी एप, प्रौढ शिक्षा एप, प्रसस्त एप, वायु दूत एप, निहार शांति, बिनोबा, दीक्षा, शाला सिद्धि, यूडाइज, बी एल ओ निर्वाचन, यूको क्लब, एम्पायर अबार्ड, विद्यांजलि, कर्मयोगी आदि कई एप डाउनलोड करवाकर शिक्षक को जानकारी भेजना होती है। ऐसे में कई जगह नेटवर्क की समस्या है, डाटा खत्म हो जाता है और समय से जानकारी नहीं भेजने पर कार्रवाई का भय शिक्षकों को बना रहता है। वहीं कई जगह के समाचारों से भी ज्ञात हुआ है कि शिक्षक धोखाधडी, ठगी, साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं। कई शिक्षक इतने एक्सपर्ट नहीं होते हैं कि वह ठीक तरह से मोबाइल आपरेट कर सकें। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि शासकीय शालाओं के शिक्षक इन समस्त ऐपो से जूझते हुए अपना काम मन लगाकर कर रहे हैं। क्या प्राइवेट शालाओं के शिक्षकों को इतने तरह के एपो पर जानकारी देना होती है। शासन शासकीय शिक्षकों की तरह ही प्राइवेट शालाओं के शिक्षकों से इन एपो और अन्य तरह की जानकारी मांगे। फिर दोनों की शैक्षणिक गुणवत्ता परखे तब असलियत सामने आ जायेगी। शासकीय शिक्षक संगठन के अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, सैयद शफाकत हुसैन कादरी, नीलम रघुवंशी, निर्भय सिंह, महेन्द्र सिंह रघुवंशी, दीपक नामदेव, रामराज सिंह दांगी, काशीराम मालवीय, लम्पूराम अहिरवार, देवन्द्र सिंह दांगी, संजय अहिरवार, रामबाबू रघुवंशी, कृपाराम सेन, संजय विश्वकर्मा, पूरन सिंह लोधी, विजय नामदेव, दिनेश राजपूत आदि शिक्षकों ने तमाम तरह के ऐपों को बंद करके सिर्फ शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

### उदयपुर वासियों ने रखीं अपनी समस्याएं



**गंजबासौदा।** गत दिवस उदयपुर के निवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामवासियों ने बताया कि उदयपुर सहित आसपास के ग्रामों में बिजली की कटौती की जा रही है। जिस पर अधिकारियों ने विद्युत वितरण सही ढंग से करने की बात कही है तथा शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था ठीक करने की बात कही। उपभोक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोलन पर मजबूर हो जाएंगे।

## स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरुकता शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत एसजीएस पीजी कॉलेज में एनएसएस इकाई के माध्यम से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार को गोद ग्राम हतोड़ा में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं घनश्याम चौकसे, डॉ. बिन्देश शुक्ला, मनीष दुबे के नेतृत्व में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली, स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता पर संवाद किया गया। सर्वप्रथम एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम हतोड़ा में स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के नारे लगाकर जागरुक किया गया। इसके पश्चात मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। जिसमें मंदिर प्रांगण में खरपतवार एवं अपशिष्ट सामग्री को बोरियों में भरकर एकत्र किया गया। तत्पश्चात एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा संवाद करके ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साफ सफाई के महत्व के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में सचिन अहिरवार, सृष्टि तिवारी, शिवराज, पुष्पेन्द्र, साक्षी, भूमि, हर्ष, ओम, हर्ष राठौर, महक, नीलम ने भागीदारी की।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्य मालवीय ने पाया प्रथम स्थान




**विदिशा।** दिशा संगीत सेवा समिति भोपाल द्वारा आयोजित नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता सितारे देश के में विदिशा के लक्ष्य मालवीय ने गायन श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया। लक्ष्य ने प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में अपनी मधुर और प्रभावशाली प्रस्तुति से न केवल निर्णायक मंडल को प्रभावित किया, बल्कि दर्शकों का दिल भी जीत लिया। संगीत के क्षेत्र में मिली इस उपलब्धि पर परिवार, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने लक्ष्य को बधाइयां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी का मानना है कि लक्ष्य इसी तरह आगे बढ़कर संगीत की दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाएंगे।

### अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन संपन्न

**विदिशा।** मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत द्वारा अग्रसेन जयंती समिति द्वारा अग्रवाल जयंती के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक साहिल एवं मंडली द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। राधा कृष्ण जी,वीर बजरंगबली एवं खाटू श्याम बाबा के भजनों पर समाजजनों ने भरपूर भक्ति भाव से सुमधुर भजनों का आनंद लिया।

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक हुई



**विदिशा।** सोमवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद की जिले की बैठक राम लक्ष्मण मंदिर त्रिवेणी घाट पर आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष वागीश मिश्र ने बताया नवरात्रि में आयोजित गरबे एवं पंडालों के निर्देशों पर विचार विमर्श किया गया। गोविंद शर्मा को जिला मंत्री एवं सत्यम शर्मा को मीडिया सेल प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम का समापन पौधारोपण कर एवं गौ ग्रास खिलाकर किया गया। बैठक में सुरेंद्र भार्गव , अभिषेक आचार्य, गोपाला भार्गव, मनोज भार्गव, श्रीकांत दुबे, भूपेंद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा, सिद्धार्थ पाठक, आदि उपस्थित रहे।

### दरवाजे वाली माता के दरबार में नौ दिनों तक भक्तों का लगेगा तांता

**ग्यारसपुर।** दरबाजे वाली माता मंदिर में नौ दिनों तक माता का दरबार लगेगा। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार माता का वास किले की रक्षा और समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता था। किले में आने-जाने वाले लोग माता के आशीर्वाद के बिना प्रवेश नहीं करते थे। यही कारण है कि यह स्थल भक्तों के बीच दरबाजे वाली माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ। लोककथाओं में भी इसका विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि आपदा या आक्रमण के समय माता ने किले और उसके निवासियों की रक्षा की थी। किले के मुख्य द्वार पर उनका वास होने के कारण वे दरबाजे वाली माता कहलाती हैं।

# शारदीय नवरात्रिः इस बार हाथी पर बैठकर आएंगी मां अंबे, धन-धान्य की होगी बढ़ोतरी

## दिनभर सजे पंडाल, शाम को गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को पंडाल तक लेकर पहुंचे माता के भक्त, आज से जगह-जगह मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आज सोमवार से शारदीय नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। घटस्थापना इसी दिन होगी जब कि नवरात्रि का समापन 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ होगा। कई वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है की शारदीय नवरात्रि 10 दिन की होगी।

शक्ति की साधना का पर्व शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगी विजयदशमी 2 अक्टूबर को मनाई जाएगी। तिथियों में वृद्धि होने के कारण यह नवरात्रि 10 दिन की हो गई क्योंकि दृश्य गणित के अनुसार तृतीया तिथि में वृद्धि हो रही है 2 दिन तृतीया तिथि रहेगी और सिद्धांत गणित के अनुसार चतुर्थी तिथि में वृद्धि हो रही है। 2 दिन चतुर्थी तिथि रहेगी और पंचांग भेद के कारण ऐसी स्थिति बन रही है।

इन 10 दिनों में नगर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिरों में विशेष पूजन अर्चना होगी। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि देवी सर्वरूपमयी है तथा संपूर्ण जगत देवीमय है।

नौ शक्तियों से युक्त होने से इसे नवरात्रि कहा जाता है। नवरात्रि में मां अंबे की पूजन करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इन नौ दिनों में भक्त महाकाली महालक्ष्मी और मां सरस्वती का पूजन के साथ नौ शक्तियों से युक्त मां भगवती का नौ रूपों में पूजन अर्चना करते हैं। श्रीदुर्गा अष्टमी पूजन 30 सितंबर को किया जाएगा और श्री दुर्गा नवमी 1 सितंबर को विजया दशमी का महापर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा।



विदिशा। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए माता की प्रतिमाओं को पंडाल तक लेकर पहुंचे श्रद्धालु।

### उत्तराफाल्गुनी और हस्त नक्षत्र शुक्ल योग का संयोग बनेगा

नवरात्रि के पहले दिन प्रातः से 11:24 तक उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रहेगा। 11:24 से हस्त नक्षत्र के संयोग मे नवरात्रि का पहला दिन रहेगा। इसी बीच प्रातः से शाम को 7:49 तक शुक्ल योग रहेगा। इस योग में मां भगवती की पूजन अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होगी। नवरात्रि के अंतिम दिन 1 अक्टूबर को माता के नौ रूपों की आराधना पूरी होगी और भक्तजन व्रत पूर्ण कर देवी का पूजन करेंगे। इसके बाद 2 अक्टूबर को पारणा किया जाएगा। मंदिर में भजन कीर्तन कन्या पूजन और भंडारे आयोजित किए जाएंगे।

### घटस्थापना शुभ मुहूर्त

- प्रातः 6:13 से 7:30 अमृत का चौघड़िया
- प्रातः9 से 10:30 शुभ का चौघड़िया
- अभिजीत मुहूर्त 11:49 से 12:38
- दोपहर 3 से 6 लाभ अमृत का चौघड़िया
- शाम को 6 से 7:30 चर का चौघड़िया
- रात्रि में 10:30 से 12 लाभ का चौघड़िया

### स्थिर लग्नों के अनुसार

- प्रातः 10:14 से 12:31 तक वृश्चिक लग्न
- शाम 4:22 से 5:55 तक कुंभ लग्न
- रात्रि 9:05 से 11:03 तक वृष लग्न

## नवरात्रि पर्व को लेकर यातायात विभाग ने परिवर्तित मार्ग प्लान जारी किया

# 10 दिन का परिवर्तित मार्ग जान लो, वाहन लेकर घुसे तो होगी कार्रवाई, कटेगा चालान

आज से 2 अक्टूबर तक शहर में सुबह 9 से रात 12 बजे तक भारी वाहनों के शहर के भीतर प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। नवरात्र में शहर की सड़कों पर लगने वाले जाम और भीड़ भाड़ को देखते हुए पुलिस और यातायात विभाग ने वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नवरात्र पर्व को लेकर यातायात मार्ग को परिवर्तित किया गया है। शहर में श्रद्धालुओं की भीड़, गरबा आयोजन और देवी प्रतिमा दर्शन को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नवरात्रि पर्व पर शहर में अधिकतर स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की मूर्ति स्थापना की जाती है, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में शहर में श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी देर रात्रि तक भ्रमण करते हैं। साथ ही नगर में विभिन्न जगहों पर गरबा आयोजन होता है। जिसमें भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं दुर्घटना से बचाव हेतु शहर मे विदिशा पुलिस ने सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए विशेष परिवर्तित मार्ग प्लान तैयार किया है। विवेकानंद चौराह से शहर की ओर आने वाले भारी वाहन सुबह 9 बजे से रात 12 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। पीतल मिल चौराह से खरीफाटक एवं मुख्य बाजार की ओर जाने वाले भारी वाहन सुबह 9 बजे से रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। पुरानी गल्ला मंडी परिसर की ओर जा सकेंगे। पुरानी गल्ला मंडी से बरईपुरा, रीठाफाटक, किरी मोहल्ला की ओर आने वाले भारी वाहन सुबह 9 बजे से रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। परंतु जतरापुरा, रामलीला की ओर जा सकेंगे। रामलीला चौराह से नदीपुरा, तोपपुरा की ओर आने वाले भारी वाहन सुबह 9 बजे से रात 12 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। परंतु विवेकानंद चौराह की ओर जा सकेंगे। दुर्गानगर चौराह से नीमताल की ओर आने वाले समस्त भारी वाहन सुबह 9 से रात 12 तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

यह प्रतिबंध आज सोमवार से प्रारंभ होकर दिनांक 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। यातायात पुलिस विदिशा का अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए भारी वाहनों को लेकर बाजार क्षेत्र में प्रवेश नहीं करें। अन्यथा अप वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना किया जाएगा। समस्त नगरवासियों एवं दुकानदारों से सहयोग की अपील है। नवरात्रि पर्व के दौरान मुख्य नगर के अंदर कार्यशील समस्त ट्रांसपोर्टर्स से भी अपील की गई है कि वह नगर के बाहर किसी अन्य स्थान पर अपने भारी वाहनों से छोटे लोडिंग वाहनों में सामान बदली कर व्यवस्था बनाना सुनिश्चित करें।




विदिशा। विवेकानंद चौराहे से शहर के भीतर आने वाले भारी वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध।

# वाहन चैकिंग में पुलिस ने युवाओं को पीटा, हुजूम उमड़ा, विरोध हुआ तो बिना चालान लौटाईं चाबियां



विदिशा। कार्रवाई के विरोध में टीआई से वार्तालाप करते हुए हिउस समिति अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सड़क सुरक्षा पखवाड़े के नाम पर रविवार दोपहर सिविल लाइन पुलिस के अधिकारी युवाओं के साथ मारपीट कर दी।

रोब दिखाकर चाबियां छीनी गईं और सवाल पूछने पर सिविल लाइन पुलिस के एक स्टार एक अधिकारी ने युवाओं को गालियां दीं। पुलिस अधिकारी ने जब हद मार कर दी तो कुछ युवाओं ने वीडियो बना लिया। इसके बाद इसकी सूचना हिंदू उत्सव समिति को दी गई। हिउस समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी और उनके साथ मौके पर पहुंची तो थाने में बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हो गए और पुलिस द्वारा अभद्रता करने की बात कही।

### पुलिस अधिकारी का मेडिकल कराने की मांग कर रहे थे युवा

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी और कार्रवाई कर रहे पुलिस अधिकरी मनोज पांडेकर के बीच बहस भी हुई। इसके बाद थाना प्रभारी आरके मिश्रा थाने से बाहर आए। हंगामें के बाद पुलिस ने बिना चालान बनाए ही सभी की गाड़ियों की चाबियां वापस लौटा दीं। हिउस समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने कहा कि पुलिस चालानी कार्रवाई करें वह नियम संगत है। मारपीट करना गलत है। युवाओं का कहना था कि जो अधिकारी वाहन रोक रहा था वह खुद नशे में था। भीड़ ने उक्त पुलिस अधिकारी का मेडिकल कराने की बात कही तो टीआई ने आनन फानन में वाहन चैकिंग बंद कराने को आदेश दे डाले।

# 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के तहत युवाओं ने चलाई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सोमवार को सेवा पखवाड़ा और संडे ऑन साइकिल के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने एसएटीआई कॉलेज में हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया । जिसका उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना था। इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने शहर को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

साइकिल रैली का आयोजन सेवा पखवाड़े का हिस्सा था। जिसका उद्देश्य सेवा भावना को बढ़ावा देना और जनता के बीच आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देना है। इस रैली में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, जिला प्रशासन के अधिकारी, और नगर के नागरिक भी शामिल हुए।

# नमो युवा रन के तहत युवा मोर्चा ने लगाई दौड़



विदिशा। नमो युवा रन कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दौड़ लगाते हुए विधायक मुकेश टंडन, बलवीर रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रशांत खत्री, युवा मोर्चा शमशाबाद मंडल अध्यक्ष मनीष धाकड़ व अन्य कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत युवा मोर्चा ने रविवार को नमो युवा रन मैराथन दौड़ का आयोजन किया। विदिशा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेश मीणा के नेतृत्व में मैराथन दौड़ सुबह 7 बजे नीमताल चौराहे से शुरू हुई। भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दौड़ की शुरुआत कर विवेकानंद चौराहे तक दौड़ लगाई।

# पुलिस ने किया चार धार्मिक स्थलों की चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सिरोंज पुलिस ने मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम ने 110 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और मुखबिरों को सक्रिय किया।

20 जुलाई को बटैया सरकारी हनुमान मंदिर से चांदी का छत्र चोरी हुआ था। 15 अगस्त को शनि मंदिर से पीतल का घंटा चोरी, 18 अगस्त को जटाशंकर मंदिर से घंटा चोरी और 16 सितंबर को छत्रीनाका मंदिर से पीतल के नागदेवता चोरी होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई।

सूचनाओं व सीसीटीवी के आधार पर संदेही अखिलेश बघेल (23 वर्ष) निवासी ग्राम सालपुर थाना दीपनाखेड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने चारों वारदातें कबूल कीं। आरोपी के घर से चांदी का छत्र, पीतल के नागदेवता व पीतल के घंटे बरामद किए गए।

# पुलिस कप्तान सहित कुल 354 से अधिक पुलिसकर्मी मैदान में उतरे, 672 अपराधियों के ठिकानों पर दी दबिश, कई गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पुलिस ने दो दिनों तक नाइट कॉम्बिंग गश्त की। इस अभियान में कुल 354 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। स्वयं एसपी रोहित काशवानी ने अभियान का नेतृत्व किया। उनके साथ 1 एएसपी, 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी शामिल रहे। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों, संदिग्धों एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध एक साथ समन्वित रूप से कार्रवाई की गई। कार्रवाइ के दौरान 37 स्थायी वारंट, 120 गिरफ्तारी वारंट, 117 जमानती वारंट, 13 जिलाबदर, 133 हिस्ट्रीशीटर, 212 गुंडा-बदमाश, 100 होटल/ढाबों एवं 08 डेरों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 35 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। 35 आरोपी गिरफ्तार किए गए। 167.18 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। वहीं जुआ सट्टा के 4 प्रकरण में 16 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए कुल 14 हजार से की अधिक की राशि जब्त की गई। वहीं 1 बंदूक 12 बोर की जब्त की गई।

# झूलनपीर मस्जिद के पास काम कर रहे युवक को लगा करंट, डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत बताया

**विदिशा।** झूलनपीर मस्जिद के पास सोमवार दोपहर बिजली का काम कर रहे 23 वर्षीय युवक समीर खान को हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। आसपास के मौजूद लोगों ने लकड़ी और अन्य सामान से तार को हटाया तब तक समीर की मौत चुकी थी। उसे ले जाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय रहवासी नवेद कुरैशी और यूसुफ कुरैशी ने बताया कि यहां पहले भी दो घटनाएं घट चुकी हैं। एक छोटा बच्चा जो यहां ट्यूशन पढ़ने आया था वह भी करंट की चपेट में आ गया था। वहीं पिछले साल एक हाजी साहब को भी करंट लगा था। जिससे उनकी मौत हो गई थी। तारों को सुधारने के लिए कलेक्टर और बिजली विभाग को भी कई बार सूचना दे चुके हैं।

# रामेश्वर दयाल बंसल चैरिटेबल ट्रस्ट ने अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अग्रसेन जयंती के अवसर पर मारवाड़ी अग्रवाल समाज एवं अग्रसेन जयंती समिति के सहयोग से रामेश्वरदयाल बंसल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के तारादेवी हाल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा अग्रसेन जी एवं कुलदेवी मां लक्ष्मी का पूजन एवं आरती कर किया।

इस मौके पर अशोक अग्रवाल, मनमोहन बंसल, सुशील अग्रवाल, डॉक्टर सचिन गर्ग, डॉक्टर पीयूष श्रीवास्तव ने कलेक्टर का स्वागत किया। डॉक्टर लक्ष्मी बंसल ने इस चिकित्सा शिविर का उद्देश्य बताया। तत्पश्चात अंशुल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विदिशा नगर की ही नहीं अपितु पूरे देश में अग्रवाल समाज के सेवाभावी कार्यक्रमों में सदैव अग्रणी रहने की बात की। साथ ही कहा कि राजनीतिक एवं सिविल सेवाओं में अग्रवालों की हिस्सेदारी बढ़कर कर होना चाहिए तो बहुत हो अच्छा होगा। समाज द्वारा बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल का संचालन भी किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज विदिशा द्वारा शहर में विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन तो बहुत सुंदर ढंग से किया जा रहा है।





## नारदीय चित्रण शैली में शिवाजी महाराज के जीवन का मंचन किया गया

# नाट्य प्रस्तुति ने बांधा समां, गूंजी शौर्य गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समर्थ प्रस्तुति मंडल और महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम 19 और 20 सितंबर को कामधेनु मंगल वाटिका में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

पहले दिन नारदीय चित्रण शैली में शिवाजी महाराज के जन्म, बाल्यकाल और स्वराज स्थापना की शपथ जैसे प्रसंगों को जीवंत किया गया। वहीं दूसरे दिन समर्थ गुरु रामदास से भेंट, अफजल खान वध, शाइस्ता खां पर प्रहार और राजाभिषेक जैसे ऐतिहासिक क्षणों की शानदार झांकियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार अभिषेक शेवड़े ने शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्वालियर के पूर्व सांसद विवेक शेज्वलकर, दत्त मंदिर देवास के अवधूत स्वामी जी, लोकरे शास्त्रीजी और पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शर्मा जैसे गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। श्री शेवड़े का शहरवासियों ने शाल, श्रीफल और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया। आयोजन में गौरव सोनवेलकर के संगीत निर्देशन और सत्यम शर्मा, स्वप्निल, शुभांगी तलेगांवकर की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी।



महाराष्ट्रीयन समाज के अध्यक्ष उदय ढोली और सचिव अशोक देव की सक्रिय भूमिका ने कार्यक्रम को और गौरवपूर्ण बनाया। पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई, संदीप डोंगरसिंह, संजय पांडे और अन्य प्रबुद्धजनों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अंत में यह संदेश गूंजा कि "शिवाजी इतिहास नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की प्रेरणा हैं।" विदिशा में इस आयोजन को और भव्य रूप देने की घोषणा हुई।

**खबर संक्षेप**

### चौहान ने किया नमो वाटिका का शुभारंभ



**सांची।** सेवा पखवाड़े के तहत केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांची में किया पौधरोपण। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सांची में नमो वाटिका का उद्घाटन किया। वहीं एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया। आम का पेड़ लगाकर बहनों का अभिवादन किया। वहीं स्वास्थ्य केंद्र में लोगों के द्वारा रक्तदान किया उसकी बधाई दी। रक्तदान करने वाले सदस्यों को भी वही माता बहनों को दी । वही बच्चों की मांग पर खेल स्टेडियम के लिए भी एसडीम पटवारी तहसीलदार से कहा सांची में कहीं भी खेल का मैदान देखकर व्यवस्थित किया जाए।

### मंडीदीप पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायसेन।** जिले की मंडीदीप पुलिस द्वारा जालसाजी,धोखाधड़ी कर कार और टैक्टर को किराए पर लेकर उन्हें गिरवी रख कर रुपये लेने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## अनदेखीः पान, गुटखा की पीक से दीवारें और फर्श हो रहे हैं लाल

# जिला अस्पताल परिसर है धूम्रपान रहित क्षेत्र घोषित, फिर भी लोग उड़ाते हैं सिगरेट का धुंआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय तबांकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल परिसर को धूम्रपान रहित क्षेत्र घोषित किया गया है। अस्पताल में पान गुटखा खाकर आने वाले लोगों पर प्रतिबंध है। अगर गुटखा खाकर कोई व्यक्ति आता है तो उस पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। हालांकि अस्पताल में काफी समय से किसी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है जिससे लोग बेपरवाह हो गाए हैं । हालांकि साफ सफाई का ठेका भी इंदौर के एक ठेकेदार को दिया गया है।

जिला अस्पताल की अधिकतर दीवारें और फर्श पान गुटखे की पीक से लाल हो गई हैं। बड़ी बात यह है कि जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजन या फिर जान-पहचान के लोगों ने खिडकी की जालियों में छेदकर पीकदान बना दिया है। वहीं कोने भी पान गुटखे की पीक से लाल सुर्ख नजर आने लगे हैं।

हर तरफ गुटखा की पीक से दीवारें या फिर जमीन लाल हुई पड़ी है। जिला अस्पताल में गुटखा खाकर आने वाले मरीजों और उनके परिजन अस्पताल के हर एक वार्ड की दीवार और अस्पताल के अंदर थूक कर दीवार गंदा करने में पीछे नहीं हैं। जबकि स्वच्छता अभियान के तहत लाखों रुपयों का ठेका और प्रचार-प्रसार में खर्च किए जा रहे हैं। लोगों में जागरूकता की कमी कहें या फिर हठधर्मिता के कारण सरकारी कार्यालयों की दीवारें स्वच्छता से अछूती हैं। ऐसी स्थिती गुटखे और पान की पीक से दीवारें और फर्श के कोने लाल हो रहे हैं।








### सीसीटीवी के साथ सख्ती की दरकार.....

लोगों का कहना है कि अस्पताल में ऐसी जगह पर सीसीटीवी लगा दिए जाएं, ताकि थूकने वालों को पकड़ा जा सकें। क्योंकि इसमें ज्यादातर बाहर के लोग हैं, जो इलाज कराने आते है और दीवारों को लाल करते हैं। इससे गुटखा ,पान खाने वालों पर नकेल कसी जा सकेगी।

कुछ मरीजों के परिजन और कर्मचारियों द्वारा पान गुटखा खाकर अस्पताल की दीवारें और फर्श कोने पीक मारकर लाल करने में जुटे हुए हैं। इन पर भी शिकंजा कसने की जरूरत है।

### ब्लड बैंक के सामने सरकारी आवासों के आसपास पसरी गंदगी

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के नजदीक सरकारी आवासों के आसपास साफ सफाई के अभाव में गंदगी कीचड़ की भरमार है। बताया जाता है कि यहां महीनों से सही तरीके से कचरे गंदगी कीचड़ की सफाई नहीं हुई है।डेंगू मलेरिया के मच्छरों का लार्वा तेजी से पनप रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर में ही मर्चुरी और एसएनसीयू यूनिट के आसपास मेडिकल बेस्ट बिखरा पड़ा हुआ है। इससे जीवाणु हवा में मिलकर संक्रामक बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है।

**इनका कहना है**

जिला मुख्यालय के इस अस्पताल में गुटखा और पान की पीक से दीवारें एवं फर्श लाल हो गए हैं। पहले 50 रुपए जुर्माना का प्रावधान था। हालांकि मॉनिटरिंग के लिए दो से तीन कर्मचारियों की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए जल्द ही उच्च अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था बनाई जाएगी।।

**डॉ एलके गुर्जर आरएमओ, जिला अस्पताल**

## झांकी की तैयारियों को लेकर आयोजकों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शारदीय नवरात्रि के त्योहार को लेकर दुर्गा झांकियों के आयोजकों में खासा उत्साह है वहीं इस बार शारदीय नवरात्रि बजाय नौ दिनों के पूरे दस दिन मनाई जाएगी और देवी भक्त माता रानी की आराधना करेंगे । वहीं मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

इस बार दीवानगंज क्षेत्र के अंबाडी गांव में 5 फीट से लेकर 12 फीट तक की प्रतिमाएं बनाई गई हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि प्रशासन द्वारा प्रजापति समाज को मिट्टी नहीं उपलब्ध कराई जाती। मजबूरी में मिट्टी खरीद कर प्रतिमाएं बनाना पड़ रही है। जरूरी है कि प्रतिमाएं बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन मिटटी उपलब्ध कराए ताकि हमें खरीदना न पड़े।

वहीं नगर में दुर्गा उत्सव की तैयारियां अब अंतिम दौर में चल रही है। इस बार दुर्गा प्रतिमाओं की



कीमतों में 20 से 30 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। जिससे समितियों को महंगाई की मार से जूझना पड़ रहा है। मूर्तिकारों का कहना है कि मिट्टी की कीमत के साथ ही लकड़ी, रंग रोगन सहित अन्य सामग्री के दाम भी काफी बढ़ने से दाम में बढ़ोतरी हुई है। अंबाड़ी निवासी हल्के राम प्रजापति, अमन प्रजापति ,राहुल प्रजापति ने बताया कि देवी दुर्गा की प्रतिमा बना रहे हैं हमारी कई पीढ़ियां गुजर गईं हैं। उन्होंने बताया कि बालमपुर, भोपाल सहित अंबाडी सेमरा में मूर्तियां जाती हैं। झांकी आयोजक पंडालो की सजावट में लगे हुए हैं

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह रायसेन में बोले- वोट दिलाऊ फैसले करने पड़ते हैं, देश में एक साथ इलेक्शन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को शहर के चिड़िया टोल वन परिसर सागर रोड़ में आयोजित जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। मंत्री चौहान शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव होना चाहिए।क्योंकि बार-बार चुनावों के कारण कई फैसले प्रभावित होते हैं।

गवर्नेंस प्रभावित होती है, विकास रुक जाता है पैसे की बर्बादी होती है। कई बार तो वोट दिलाऊ फैसले भी करने पड़ते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा-अपने देश में और कुछ हो या न हो लेकिन सारे राजनीतिक दल पांचों साल, 12 महीने, हर हफ्ते, 24 घंटे एक ही तैयारी करते हैं, वो है अगला चुनाव। उसी तैयारी में लगे रहते हैं। विदिशा रायसेन सांसद एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि अब पिछले साल नवंबर-दिसंबर में एमपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। विधानसभा चुनाव की थकान उतरी नहीं थी कि 4 महीने बाद ही लोकसभा चुनाव आ गया। विधानसभा चुनाव में 6 महीने तो कुछ हुआ ही नहीं था। आचार संहिता, कोड ऑफ कंडक्ट के कारण विकास के काम ठप थे।




### चुनाव हारे तो मीडिया कहती है जमीन खिसक गई.....

शिवराज सिंह ने आगे कहा, अभी एक चुनाव निपटा नहीं कि दिल्ली का दंगल शुरू हो गया। दिल्ली के चुनाव खत्म नहीं हुए कि हम लोगों ने बिहार के लिए कमर कस ली। चलो बिहार। और कोई काम हो न हो, चौबीसों घंटे चुनाव की तैयारी। ये हमेशा होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में कितने बाधक हैं। एक तो सभी की एनर्जी लगती है।इस अवसर पर जिला भाजपा संगठन प्रभारी ब्रजेन्द्र अग्रवाल,सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष



सविता जमना सेन,बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा जिपं अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा,भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा,उपाध्यक्ष राकेश तोमर,नगर मण्डल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा प्रवक्ता हरि साहू सीएल गौर आदि उपस्थित हुए।

### सागर तिराहे पर कांग्रेसियों ने कृषि मंत्री को दिखाए काले झंडे....

सागर भोपाल तिराहे रविवार को सुबह सवा 11 बजे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के वाहनों का काफिला जैसे ही पहुंचा।कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कृषि मंत्री को ना बल्कि काले झंडे दिखाए और खाली खाद की बोरियां हवा में लहराकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की।पुलिस फोर्स ने कांग्रेसियों मनोज अग्रवाल प्रभात चावला, राजू माहेश्वरी रेहान लाला मलखान रावत आदि को गिरफ्तार कर वाहनों में भरकर ले गया और शाम तक नकतरा पुलिस चौकी में नजर बंद रखा।जिन्हें शाम को रिहा कर दिया गया।


रविवार को कृषि मंत्री चौहान खरबई पहुंचे जहां सेवा पखवाड़े के तहत देश के पीएम नरेंद्र मोदी जी75वां जन्मदिन मनाया।इस मौके पर उन्होंने चिड़िया टोल पिकनिक स्पॉट पर पौध रोपण कार्यक्रम में पौधे बगिया वाटिका में रोपकर हरियाली खुशहाली का दिया संदेश। इसके बाद श्री चौहान शहर के वार्ड 13 अवंतिका कॉलोनी पहुंचे जहां भगवान शिव के शिवालय में पूजन कर साफ सफाई की कालोनीमें पार्क के लिए कृषि मंत्री में10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।बाद में श्री चौहान बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के घर पहुंचे।जहां उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शर्मा के परिजनों से मुलाकात कर स्वल्पाहार किया।उन्होंने खेल महोत्सव कार्यालय और बीजेपी कार्यालय में सांसद कार्यालय का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। वह बोले संसदीय क्षेत्र की जनता अपनी समस्याएं सांसद कार्यालय में आकर बता सकती है।

## श्री हनुमान मंदिर छींदधाम में होगी वामन पुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त हनुमान मंदिर छींदधाम में 22 सितम्बर से सात दिवसीय संगीतमयी श्री वामन पुराण कथा का शुभारंभ हो रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है।

कथा व्यास पू. वेदाचार्य महाराज के मुखारबिंद से 28 सितम्बर तक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु नर-नारियों को नवरात्रि पर्व में कथा




श्रवण का पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। नबावी शासन के दौरान छींदधाम में ही बरेली का दशहरा पर्व मनाया जाता था। शारदीय नवरात्रि में रामलीला का भी मंचन होता था।

## शक्ति की भक्ति की आराधना का नवरात्रि पर्व प्रारंभ, शुभ मूहूर्त में होगी घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्वांर की नवरात्रि का देवी भक्तों को वर्ष भर इंतजार बना रहता है। आज सोमवार से शारदीय नवरात्रि महापर्व की शुरूआत हो रही है। आदि शक्ति माँ दुर्गा की भक्ति आराधना और सेवा के प्रति देवी भक्त नर-नारियों में भारी उत्साह बना हुआ है।

नगर के विभिन्न 30 से अधिक स्थानों पर मातारानी की प्रतिमाएं स्थापित करने झांकी पंडालों का निर्माण एवं दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा सजावट की जा रही है। आज शुभ मुर्हूत में छोटी बडी देवी प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां चल रही है। इस वर्ष माँ दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही है। हाथी को शांति, स्थिरता, समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। अर्थात माँ दुर्गा के भक्तों को भक्ति स्वरूप मन वांछित फल, धन धान्य की प्राप्ती हो सकती है। सार्वजनिक स्थानों पर



माता रानी की प्रतिमाए स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाने की शुरूआत नगर में गांधी चबूतरा के पास 1956 में हुई थी।

## थाना प्रांगण में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें आगामी त्योहार नवरात्रि पर्व, दशहरा मनाने की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में त्योहारों के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था, नपं. की ओर से साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था और प्रतिमा विर्षजन, धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों के दौरान पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखे जाने काआश्वासन दिया। बैठक में तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, एसडीओपी कुंवर सिंह



मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, हिउस अध्यक्ष दिनेश बवेले, मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष अंसार पटेल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुर्गा देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे शहर के मूर्तिकार

# पितृमोक्ष अमावस्या पर पितृों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रविवार को पितृमोक्ष अमावस्या श्रद्धाभक्ति के माहौल में मनाई गई। लोगों ने मिश्र तालाब पहुंचकर पितरों को जलकलश से तर्पण कर विदाई दी। तालाब पर आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे सोमवारा ,पंडित अभिषेक चतुर्वेदी ने अपने जजमानों को पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ जल कलश से पूजन तर्पण करवाकर विदाई दी।लोगों ने आचार्य पंडितों को दान दक्षिणा भी दी।घर घर पूर्वजों की पूजा अर्चना आरती के साथ हवन किया और पकवानों का भोग लगाकर विदाई दी।

### आज से बाजार में बढ़ेगी रौनक

देव शयनी एकादशी के बाद से तमाम मांगलिक कार्य बंद हो जाते है। लेकिन शारदीय नवरात्रि पर्व में वैवाहिक आयोजनों की कुछ परंपरा शुरू हो जाती है। ऐसे में इन 10 दिनों में फलदान, गृह प्रवेश जैसे आयोजन होंगे। विवाह के फलदान आदि कार्यक्रमों को



लेकर बाजार को भी खासी उम्मीद बनी हुई है। ऐसे में बाजार भी सज कर तैयार हो गया है। इन दिनों में कपड़ा, ऑटोमोबाइल्स, सराफा, बर्तन पूजन सामग्री आदि के कारोबार को चमकने की पूरी उम्मीद बनी हुई है।

इसके साथ ही रविवार को जिले भर में माता रानी दुर्गा के पंडाल सजाएं जाएंगे। इसको लेकर पूरे जिले में तैयारियां तेज हो गई है। अंबे भवानी की प्रतिमाओं को मूर्तिकार अंतिम रूप दे रहे है। तो झांकी समितियां अपने पंडालों को सजाने में लगी हुई है। उनमें झांकी को सजाने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि पर्व को लेकर जिला पुलिस और प्रशासन भी सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर तैयारी कर रहा है। अब 10 दिन तक पूरे शहर माता रानी भवानी की आराधना में जुट जाएगा।उधर देर रात तक दुर्गा देवी मंदिरों की सजावट रंगरोगन साफ सफाई कार्य चलते रहे।

पिछले 15 दिन से पितरों की सेवा में जुटे लोग आज जलाशयों पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक विदाई देंने पहुंचे। पितृमोक्ष अमावस्या पर सुबह से ही लोग सुबह के समय मिश्र तालाब घाट नर्मदा नदी बेतवा नदी तट पहुंचें। और जलकलश से तर्पण करते हुए एक बार फिर से लोग कुशा, चावल काली तिल जौं अर्पित कर पूर्वजों को विदाई दी।परिवार की सुख समृधि खुशहाली की कामना की।इसके साथ ही सोमवार से लोग जगत जननी मां शेरावाली की आराधना उपासना में लीन हो जाएंगे। शारदीय नवरात्रि के त्यौहार से ही मांगलिक कार्यक्रम भी शुरू होंगे। ऐसे में बाजार भी गुलजार होगा। इसके लिए बाजार भी सज कर तैयार हो गया है।

# गैरतगंज में 12 भाजपाइयों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

### बीजेपी मंडल अध्यक्ष की बढ़ती गुंडागर्दी से नाखुश हैं पार्टी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इधर भाजपा कार्यालय रायसेन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संवाद कार्यक्रम चल रहा था। उधर गैरतगंज में भाजपा को जबर्दस्त झटका लगा है। क्योंकि गैरगंज के भाजपाई कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष संजय संजू जैन से बेहद नाराज हैं । उन्होंने सामूहिक इस्तीफे की वजह गैरतगंज मंडल अध्यक्ष संजय जैन की बढ़ती गुंडागर्दी और पार्टी की हो रही क्षति को बताया है। रविवार को एक दर्जन से ज्यादा भाजपा नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इसकी जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा को मोबाइल फोन से दी गई है। सोमवार को




भोपाल पहुंचकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भी नाराजगी की वजह बताते हुए गैरतगंज के सामूहिक इस्तीफे दिए जाएंगे। नाराज भाजपा नेताओं पार्षदों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मीडिया कर्मियों को बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय संजू जैन द्वारा गैरतगंज बीईओ अनिष्ट लाल से बदसलूकी करते हुए मारपीट की गई थी। इसके अलावा उनके मैरिज गार्डन की गन्दगी अपशिष्ट पदार्थ बीना नदी में पाइप के जरिए बहाई जा रही है।इससे बीना नदी का आँचल मैला किया जा रहा है।